

# नए साल पर पहुंचे भगवान की शरण में, लगी लंबी कतारें

**महाकालेश्वर व ओंकारेश्वर में देशभर से लाखों श्रद्धालु उमड़े**

नववर्ष 2026 की पहली सुबह लोगों के लिए आस्था, विश्वास और नई उम्मीदों का संदेश लेकर आई. नया वर्ष मंगलमय हो इस उम्मीद के साथ सभी भगवान की शरण में पहुंचे. अलसुबह से ही लोगों घरों से निकलकर मंदिरों की ओर रुख किया और भगवान के दर्शन कर नए साल की शुरुआत मंगलमय होने की कामना की. प्रमुख ज्योतिर्लिंगों महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. वहीं देवास में माता टेकरी पर भी कतारें लगी. यही हाल अन्य प्रमुख मंदिरों के भी रहे.



## माता टेकरी सहित प्रमुख मंदिरों में उमड़ी भीड़

देवास . साल के पहले दिन देवास भक्ति के रंग में रंगा नजर आया. सुबह होते ही श्रद्धालुओं ने घरों से निकलकर देवालयों की ओर रुख किया और भगवान के दर्शन कर नए साल की शुरुआत मंगलमय होने की कामना की. नववर्ष के पहले दिन माता चामुंडा और माता तुलजा भवानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं. सीढ़ी मार्ग और रपट मार्ग दोनों ओर से भक्तों का आवागमन लगातार जारी रहा. इसके अलावा बिलावली महाकाल मंदिर, बांगर स्थित दत्त मंदिर, नागदा गणेश मंदिर, खेड़ापति मारुति मंदिर सहित अन्य प्रमुख देवालयों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे. नववर्ष के पहले दिन श्रद्धालुओं ने न केवल पूजा-अर्चना की, बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव, अच्छे स्वास्थ्य और पारिवारिक सुख-शांति के संकल्प भी लिए। मंदिरों में भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण और दान-पुण्य भी किया गया.

## महाकाल में डेढ़ किलोमीटर लंबी लाइन



उज्जैन . नए साल के पहले दिन उज्जैन में महाकाल मंदिर में देशभर से श्रद्धालु दर्शन करने उमड़े . श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी थी कि मंदिर के अंदर से ठेठ बाहर तक करीब डेढ़ किलो मीटर लंबी लाइन लगी रही . कई घंटों में नंबर आने के बावजूद श्रद्धालु पीछे नहीं हटे और भगवान महाकाल के दर्शन कर ही लौटे . महाकाल के साथ ही प्रसिद्ध काल भैरव, मंगलनाथ, सिद्धवट, भर्तृहरि गुफा, सांदीपनि आश्रम से लेकर चिंतामन गणेश के दरबार में लाखों लोग दर्शन के लिए उमड़े व दिन की शुभ शुरुआत की . मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने मीडिया को बताया कि सुबह 11 बजे तक ही 85 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे व दोपहर में 1 लाख का आंकड़ा पार हो गया था . श्रद्धालुओं का आगमन लगातार जारी है . भारतीय महिला क्रिकेट टीम, बिहार के मंत्री सहित कई वीआईपी भी दर्शन करने पहुंचे . पहली बार पुलिस प्रशासन ने ड्रोन के अलावा एआई सिस्टम से भीड़ नियंत्रण किया .

## ओंकारेश्वर में श्रद्धा का महासैलाब



ओंकारेश्वर .नववर्ष के पहले ही दिन ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में देशभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में स्नान कर भगवान ओंकारेश्वर व ममलेश्वर महादेव के दर्शन किए . नव वर्ष के प्रथम दिन करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर जी के दर्शन लाभ का लाभ लिया. हजारों भक्त 31 दिसंबर को ही ओंकारेश्वर आ गए थे रात्रि विश्राम कर 1 जनवरी को ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर जी के दर्शन किए और नर्मदा जी के स्नान कर पुण्य लाभ लिया।2025 को विदा करते हुए 2026 के स्वागत के लिए लोगों ने प्रार्थना की 1 जनवरी को प्रात: से ही मंदिर खुलने के साथ के भक्तोंका दर्शन करना प्रारंभ हो गया था जो रात्रि तक चलता रहा ।भक्तों ने ओमकार पर्वत की परिक्रमा कर प्राचीन मंदिरों के दर्शन लाभ भी दिए . मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मोटक्का में राजराजेश्वरी मंदिर में पहुंचकर कन्या पूजन किया .



# मुख्यमंत्री ने मोरटक्का में नव वर्ष पर किए दर्शन

**खंडवा, 1 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नव वर्ष के अवसर पर खंडवा जिले के मोरटक्का में नर्मदा नदी के तट पर स्थित राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना की और उपस्थित नागरिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं.**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है. मध्यप्रदेश में कृषि विकास की दर लगातार बढ़ रही है और इस वर्ष को प्रदेश सरकार ने किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की है. मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवन रेखा है और मां नर्मदा की कृपा से प्रदेश की कृषि और समृद्धि लगातार बढ़ रही है. उन्होंने राजराजेश्वरी सेवा भारती न्यास द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की. इस अवसर पर उन्होंने कुपोषण मुक्त भारत अभियान के तहत संचालित मातृ एवं शिशु आरोग्य केंद्र का निरीक्षण किया और गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण आहार सामग्री वितरित की. मुख्यमंत्री ने न्यास द्वारा निर्माणाधीन वेद विद्यालय का भी अवलोकन किया और कन्या-पूजन कर बालिकाओं को उपहार प्रदान किए. इस दौरान खंडवा विधायक कंचन मुकेश तन्वे, मांधाता विधायक नारायण पटेल, खंडवा महापौर अमृता अमर यादव, पुलिस महानिरीक्षक अनुराग, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.

## डोंगर गांव में बाघ के हमले से बुजुर्ग किसान घायल

**शिवपुरी.** मध्यप्रदेश में शिवपुरी जिले के सतनवाड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत माधव टाइगर रिजर्व से निकलकर ग्राम डोंगर में आज एक बाघ ने एक ग्रामीण पर हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही माधव टाइगर रिजर्व के संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल ग्रामीण को उपचार के लिए शिवपुरी मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। माधव टाइगर रिजर्व के सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि आज सुबह डोंगर गांव निवासी बुजुर्ग किसान शिवलाल पाल (75) शौच के लिए गए थे, तभी अचानक एक बाघ ने उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान शिवलाल पाल के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद बाघ जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने बताया कि हमला करने वाला बाघ संभवत: बाघिन थी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई है।


बैंक ऑफ इंडिया, प्रधान कार्यालय,
स्टार हाउस 2 जोखिम प्रबंधन विभाग, सूचना
सुरक्षा प्रकोष्ठ, सी-5, "जी" ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400 051.
**ईमेल: security.information@bankofindia.bank.in**

Bank of India
Relationship beyond banking

**सूचना सुरक्षा एवं लेखापरीक्षा सेवा प्रदाताओं (ISASPs) के पैनल में शामिल होने हेतु प्रस्ताव निवेदन (RFP)**

**प्रस्ताव निवेदन जमा करने की अंतिम तिथि:** 14.01.2026 को दोपहर 3.00 बजे तक पूरी जानकारी बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाइट **www.bankofindia.bank.in** पर "टेंडर" सेक्शन में उपलब्ध है।


# प्रदेश में कोहरे और कड़ाके की ठंड का बोलबाला

## 50 मीटर रह गई दृश्यता

**भोपाल,1 जनवरी. मध्य प्रदेश में वर्ष 2025 का समापन बेहद ठंड और घने कोहरे के बीच हुआ, और नए साल 2026 की शुरुआत भी ठंड के साथ हुई है. उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण प्रदेश के कई जिलों में मौसम काफी सर्द बना हुआ है.**

बुधवार को ग्वालियर, दतिया, शहडोल, खजुराहो और सतना सहित कई जिलों में दिनभर घना कोहरा रहा. ग्वालियर और दतिया में सुबह साढ़े आठ बजे तक दृश्यता घटकर केवल 50 मीटर रह गई, जिससे सामान्य गतिविधियों पर असर पड़ा. एक हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण हवाओं में नमी बढ़ गई है. इसका असर रात और सुबह के समय कोहरे और धुंध के गहराने



के रूप में दिख रहा है. अगले 24 घंटों में तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव संभव है, लेकिन ठंड से राहत के संकेत नहीं हैं. प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटों में विशेष बदलाव नहीं हुआ, जबकि न्यूनतम तापमान शहडोल और सागर संभाग के जिलों में 2.1एष्ट से 2.8एष्ट तक बढ़ा.

> ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना और श्योपुरकलां जिलों में कहीं-कहीं वर्षा या गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ सकती हैं . शेष जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा . मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि ठंड से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतें और सुबह-शाम के समय घने कोहरे के कारण वाहन चलाते समय सतर्क रहें . कुल मिलाकर, मध्य प्रदेश का मौसम वर्तमान में अत्यधिक ठंड और कोहरे के प्रभाव में है, हल्की नमी और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ इसे और बढ़ा रहे हैं . आगामी 24-48 घंटों में स्थिति में कुछ हल्का बदलाव संभव है, लेकिन ठंड से राहत की संभावना कम ही दिखाई देती है .

# पटवारी ने भाजपा सरकार को घेरा

## आपराधिक लापरवाही के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,1 जनवरी. मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों और सैकड़ों लोगों के बीमार होने की घटना के लिए भाजपा सरकार को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है.**

उन्होंने इस त्रासदी को सरकार की घोर लापरवाही, संवेदनहीनता और सत्ता के अहंकार का परिणाम बताया. मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व सत्ता के नशे में चूर हो चुका है और जब पत्रकार जनता के सवाल उठाते हैं तो मंत्री उन्हें अपशब्द कहते हैं. उन्होंने कहा, यह लोकतंत्र नहीं, बल्कि तानाशाही



सोच का परिचायक है. पटवारी ने कहा कि इंदौर की जनता ने बार-बार भाजपा पर भरोसा जताया—सांसद, विधायक, महापौर और पूरा नगर निगम सौंपा लेकिन बदले में शहर को ज़हरीला पानी और मौतें मिलीं. उन्होंने दावा किया कि जहां 13 मौतों की खबरें सामने आ रही हैं.

**राजनीतिक नहीं, बल्कि मानवीय मुद्दा**

उन्होंने दोषी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों, जिनमें महापौर भी शामिल हैं, पर गैर-इरादतन हत्या के मामले दर्ज करने, तत्काल इस्तीफे लेने, प्रत्येक मृतक परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवज़ा देने तथा जवाबदेही तय करने के लिए एक सशक्त और स्वतंत्र प्रभारी मंत्री की नियुक्ति की मांग की . पटवारी ने स्पष्ट किया कि यह राजनीतिक नहीं, बल्कि मानवीय मुद्दा है और कांग्रेस पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी .

# सोना-चांदी के लेनदेन की परछाई में उजड़ा जैन परिवार

**मंदसौर, ,1 जनवरी. शहर के गोल चौराहा क्षेत्र में हुए ट्रिपल मर्डर केस की जांच अब अहम चरण में पहुंच गई है. एक जैन परिवार के तीन सदस्यों की गोली मारकर हत्या के मामले में वायदा बाजार एवं सोना-चांदी के लेनदेन से जुड़े आर्थिक विवाद की परछाई सामने आ रही है.**

पुलिस की प्रारंभिक जांच में



संकेत मिले हैं कि इस जघन्य वारदात के पीछे सुनियोजित साजिश और वित्तीय लेनदेन का बड़ा मामला छिपा हो सकता है. मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी निमिष अग्रवाल गुरुवार को मंदसौर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली तथा पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर अब तक की जांच प्रगति की समीक्षा की।


BAJAJ FINANCE

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई - पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे - 411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

**स्कैन करें**

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे - gold.auction@bajajfinserv.in

(10-02-26): **बालाघाट - BGL;** PLB3GOL14947444. **बेतूल - शर्मा कॉम्प्लेक्स;** PEJ4GOL14973356, 14970359, 14972504, 14972407. **भोपाल - इंद्रपुरी;** PEF9GOL15001817. **भोपाल - करोद;** P09VGOL15002890. **भोपाल - मध्यप्रदेश नगर;** PGM8SGL14993039, 14998732, 14995717. (11-02-26) **बीना - इटावा स्टेशन रोड;** PEL7GOL15018845, 15050259. **छिंदवाड़ा — परासिया रोड;** PCV3SGL15072979, 15067692, 15072221. **डाबरा - मेन रोड;** PX91GOL15062270, 15061996, 15065198. **दतिया -सीता सागर;** P86HSGL15088278, 15095129. (12-02-26): **देवास - एबी रोड;** PCR3SGL15084059. **गादरवाड़ा - इंद्रा वार्ड;** P87QSGL15134483. **गंज बसोदा - मेन रोड;** PAE6PFI15120505. **गुना - ए बी रोड;** PER5SGL15144166, 15151026, 15144794, 15146281. (13-02-26) **ग्वालियर - सिटी सेंटर;** PGC5SGL15153864, 15146406, 15151772, 15147780, 15157718. **ग्वालियर - गोले का मंदिर;** P86QSGL15146923, 15151667, 15146421. **ग्वालियर - मोरार;** PEN7GOL15151369, 15156459, 15150254. **ग्वालियर - नया बाज़ार;** P93ASGL15155226, 15154974, 15141961. **ग्वालियर -विनय नगर;** PKA3GOL15150733, 15148479, 15152782, 15148903, 15143294, 15153136, 15145057, 15153345, 15141844, 15143392, 15156174. (16-02-26) **होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक;** P4W1GOL15167718, 15179916, 15182452, 15178398, 15171499. **इंदौर - अन्नपूर्णा रोड;** PGH5SGL15166624. **इंदौर - विजय नगर;** PSB5GOL15177230, 15171687. **इटारसी - सराफा बाज़ार;** PB92GOL15177470, 15181346, 15172055, 15179752, 15183998, 15172607. (17-02 26): **जबलपुर - राइट टाउन;** PJ16GOL15182204. **खरगोन - जवाहर मार्ग;** PEH8GOL15293429, 15291344, 15297761. **मंदसौर - नयापुरा रोड;** PGF2GOL15345817. **मुरैना - शिवनगर;** PGH2SGL15353949, 15350039, 15350853, 15346300, 15345858, 15349516, 15354809, 15350673, 15359269, 15354801, 15358609, 15354303, 15357375, 15346608. (18-02-26) **पोरसा - BGL;** PGH2SGL15435565, 15428766, 15437224. **रीवा - BGL;** PB38GOL15464178, 15453095, 15460398, 15454391, 15450796, 15462354, 15463553, 15467126, 15460606. **सबलगढ़;** PLY1GOL15453905, 15461988. **सागर - परकोटा;** PBW9SGL15450850. (19-02-26): **सतना - रीवा रोड;** PJV5SGL15474988. **शहडोल - BGL;** PEH7GOL15488558, 15474263, 15490101, 15477078, 15479869, 15479282, 15475241, 15480244. **श्योपुर - शिवपुरी रोड;** PJC9GOL15482473, 15478377, 15487618, 15480580, 15482290. **शिवपुरी - एबी रोड;** PGE3SGL15489508, 15479844, 15482419, 15484546, 15475505, 15485772. **उज्जैन - फ्रीगंज;** PCY1GOL15523255, 15523110, 15523276.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**


**बैठक** | एमपी को विकसित राज्य बनाने के लिए विभागीय लक्ष्यों और कार्ययोजना पर जोर

# एमपी जल्द बनेगा विकसित राज्य : मुख्य सचिव

**भोपाल, 1 जनवरी. मुख्य सचिव अनुराग जैन ने गुरूवार को मंत्रालय वल्लभ भवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर इस वित्तीय वर्ष और आगामी वर्षों के लिए विभागीय कार्ययोजना और लक्ष्यों पर विचार-विमर्श किया.**

श्री जैन ने सभी विभागों से अपेक्षा जताई कि वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन 2047 - विकसित भारत के अनुरूप मध्यप्रदेश के योगदान को सुनिश्चित करने के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन करें. जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईज ऑफ लिविंग और



ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के सिद्धांत अपनाते हुए आम आदमी के जीवन और व्यवसाय को आसान बनाने के लिए नियमों और कानूनों में आवश्यक सधार करें.

उन्होंने कहा कि आगामी तीन माह में निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जाए और अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मिशन मोड में कार्य योजना तैयार की जाए. इसके साथ ही अगले तीन वर्षों के लिए रोलिंग बजट लागू किया जाएगा, जिसमें गरीब, अन्नदाता, युवा और महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को अमल में लाया जाएगा. मुख्य सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मुख्य सचिव कॉन्फ्रेंस में मध्यप्रदेश अग्रणी श्रेष्ठ पांच राज्यों में शामिल हुआ.

> जैन ने आम जनता के हित में नवम्बर में शुरू किए गए एम.पी.ई सेवा ऐप को और प्रभावी बनाने और जनवरी तक 1200 तथा मार्च तक 1800 सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए . उन्होंने अधिकारियों को अन्य राज्यों की सफल योजनाओं का अध्ययन कर उन्हें प्रदेश में लागू करने का भी निर्देश दिया . बैठक में जलसंसाधन विभाग की नदी-जोड़ो परियोजनाओं और 10 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई योजनाओं पर कार्य को प्राथमिकता दी गई . साथ ही सरकारी भवनों में सोलर पैनल लगाने के अभियान को भी तेज करने के निर्देश दिए गए . डीजीपी कैलाश मकवाना ने मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने में विभिन्न विभागों के सहयोग की सराहना की .

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**